सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून10 अक्टूबर, 2022

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से सोमवार को राजभवन में जीबी पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर के छात्र–छात्राओं ने मुलाकात की। विश्वविद्यालय के 20 छात्र–छात्राएं एक माह के अध्ययन भ्रमण पर फिलीपींस गए थे। राज्यपाल ने सभी छात्रों से बातचीत करते हुए उनसे फिलीपींस में सीखे गए अनुभवों की जानकारी प्राप्त की। सभी छात्रों ने अपने अनुभवों को साझा किया। राज्यपाल छात्रों से बेहद प्रभावित हुए और सभी छात्रों के लिए उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

राज्यपाल ने छात्रों से कहा कि शिक्षा का सही उपयोग तभी संभव है जब वह जानकारी ''लैब टू लैण्ड'' यानी प्रयोगशालाओं से खेतों तक और ''क्लासरूम टू विलेज'' यानी कक्षाओं से गांवों तक पहुंचे। राज्यपाल ने कहा कि जो कुछ भी अनुभव और सीख छात्रों ने सीखी है उसका लाभ किसानों और अन्य लोगों को जरूर मिले तभी ऐसे भ्रमण का फायदा मिलेगा। राज्यपाल ने छात्रों से कहा कि वे आने वाले भारत का भविष्य हैं और कृषि के क्षेत्र में अपने शोध एवं अनुसंधान से एक नयी क्रांति ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि अन्य देशों का भ्रमण कर हम एक नयी कार्य संस्कृति सीखते हैं और वहां अपनायी जा रही बेस्ट प्रैक्टिस और अच्छे शोध को लागू कर सकते हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति मनमोहन सिंह चौहान, डीन शिवेन्द्र कश्यप भी उपस्थित रहे।

...........0............

सूचना परिसर राजभवन टेली0 फै0–0135.2756172